
महाआरती के साथ हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन

जिले में दुर्गा पूजा शांति एवं सद्भाव पूर्ण माहौल में संपन्न, लखनदेई नदी में मां दुर्गे की प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

सीतामढ़ी/ सोनबरसा/ सुरसंड/ सुप्पी/ नानपुर। नगर समेत पूरे जिले में दुर्गा पूजा शांति व सद्भाव पूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। आदि शक्ति भगवती दुर्गा के नौ विभिन्न रूपों की पूजा के बाद महा आरती के साथ नगर के लखनदेई नदी में प्रतिमाओं का विसर्जन का सिलसिला शुरू हुआ।

लखनदेई नदी पुल के निकटवर्ती घाट के अलावा पुनौरा धाम स्थित घाटों पर भगवती दुर्गा तथा उनके साथ विभिन्न देवी देवताओं की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। नगर तथा निकटवर्ती इलाकों में स्थापित कल 41 प्रतिमाओं का विसर्जन देर रात तक होता रहा। प्रतिमा विसर्जन जुलूस के साथ विभिन्न अखाड़ों में शामिल युवकों द्वारा परंपरागत शस्त्रों का प्रदर्शन किया। इस दौरान कई हैरत अंग्रेज करतब दिखा लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया। लखनदेई पुल के निकट घाट पर सबसे पहले रेलवे पूजा समिति स्टेशन परिसर, मां गौरी पूजा समिति प्रताप नगर रघुनाथपुरी, मां शक्ति पूजनोत्सव ओल्ड एक्सचेंज रोड, श्री दुर्गा पूजा समिति अस्पताल रोड तथा भवानी पूजा समिति जानकी स्थान आदि पूजा समिति की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। नगर से सटे पुनौरा धाम में दुर्गा पूजा के अवसर पर स्थापित माता शक्ति सहित अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा का विसर्जन पारंपरिक वातावरण में शांति पूर्वक किया गया।

इस क्रम में जानकी जन्मभूमि पुनौरा धाम मंदिर परिसर में मां दुर्गा पूजा समिति के तत्वाधान में स्थापित देवी देवताओं की प्रतिमा का विसर्जन स्थानीय सीता कुंड में किया गया। जबकि पुंडरीक क्षेत्र मिडिल स्कूल परिसर में मां शक्ति पूजा समिति के तत्वाधान में स्थापित देवी देवताओं की प्रतिमा का विसर्जन स्थानीय पुंडरीक पोखर में किया गया। सोनबरसा से



आससे ने खबर दी है कि मां दुर्गा की आराधना, भक्ति और आस्था से सराबोर शारदीय नवरात्र का समापन बुधवार को सोनबरसा प्रखंड क्षेत्र में भावुक माहौल के बीच हुआ।

मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। कहीं ढोल-नगाड़ों की गूंज सुनाई दी, तो कहीं श्रद्धालु जय माता दी और जय मां दुर्गे के जयकारे लगाते हुए मां को विदाई देते नजर आए।

बीडीओ डॉ. मृत्युंजय कुमार ने बताया कि सोनबरसा प्रखंड क्षेत्र में कुल 69 स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। बुधवार को विभिन्न स्थानों पर स्थापित प्रतिमाओं का विसर्जन किया गय। इस दौरान बीडीओ डॉ. मृत्युंजय कुमार, सीओ पंकज कुमार, सोनबरसा थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, कन्हौली थानाध्यक्ष सुनील कुमार यादव, भुतही थानाध्यक्ष चंद्रगुप्त कुमार, पुअनि उमेश रजक, अंबिका शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी निगरानी में जुटे रहे।

नानपुर से आससे ने खबर दी है कि नानपुर प्रखंड मुख्यालय समेत मोहनी बत्तरा बेलहिया रायपुर कोयली बहुरार भदियन जानीपुर डोरपुर सहित सभी 15 स्थानों पर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा बुधवार को जुलूस निकालकर मां की जयकारा लगाते नगर परिक्रमा कराने के साथ ही समीप के पोखर व नदी में विसर्जित कर दिया गया। सुरसंड (सीतामढ़ी) से आससे ने खबर दी है कि ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी सुरसंड में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन बुधवार को भक्तिमय माहौल, श्रद्धा और उत्साह के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

विसर्जन के दौरान पूरा नगर माता रानी के जयकारों से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई देते हुए अगले वर्ष फिर से आने की कामना की। विभिन्न पूजा समितियों की ओर से स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष महंत शोभा दास, उपाध्यक्ष रामस्वारथ पासवान, सचिव सह पूर्व वार्ड पार्षद अशोक चौधरी, उपसचिव संगीता देवी और कोषाध्यक्ष प्रहलाद कुमार सुमन, विधायक नागेंद्र राउत, भाजपा जिला अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता, समाजसेवी शंभू कुमार सागर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश झा उर्फ राजू, समाजसेवी शत्रुघ्न शाह उर्फ भोला, सहित समिति के अन्य सदस्यों की भूमिका रही। इस मौके पर थानाध्यक्ष लालकिशोर गुप्ता, सर्किल इंस्पेक्टर परशुराम सिंह और अपर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह सहित पुलिस पदाधिकारियों की भूमिका रही।

सुप्पी से आससे ने खबर दी है कि प्रखंड क्षेत्र के ससौला, रमनगरा, ढेंग, गम्हरिया समेत विभिन्न गांवों में दुर्गा पूजा के बाद मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ बागमती नदी में किया गया। इस दौरान पूजा समितियों और श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा को नम आंखों से विदाई दी। प्रतिमा विसर्जन के दौरान क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल बना रहा। विसर्जन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। थाना अध्यक्ष आशीष कुमार ठाकुर के निर्देश पर विभिन्न पूजा स्थलों से लेकर बागमती नदी तक जाने वाले मार्गों पर पुलिस पदाधिकारियों और जवानों की तैनाती की गई थी। पुलिस बल लगातार निगरानी कर रहा था, ताकि विसर्जन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

विशेष रूप से बागमती नदी के ढेंघाट पर प्रशासनिक तैयारियां पूरी की गई थीं। घाट पर श्रद्धालुओं की आवाजाही और प्रतिमा विसर्जन को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को व्यवस्थित तरीके से नदी तक पहुंचाने और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया गया।

शिवहर में 29 एवं 30 अक्टूबर को होगा जिला स्तरीय युवा उत्सव

शिवहर। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार के निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन, शिवहर द्वारा दिनांक 29 एवं 30 अक्टूबर 2026 को गांधी भवन, शिवहर में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। दोनों दिन कार्यक्रम का समय पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक निर्धारित है। इस आयोजन के माध्यम से जिले की युवा प्रतिभाओं को अपनी कला प्रदर्शित करने तथा राज्य स्तरीय आयोजन में सहभागिता के लिए चयनित होने का अवसर मिलेगा। जिला पदाधिकारी, प्रतिभा रानी द्वारा कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, शिवहर को आयोजन का नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। अपर समाहर्ता, शिवहर के वरीय प्रभार एवं मार्गदर्शन में आयोजन की तैयारियाँ की जाएँगी। इन प्रतियोगिताओं में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक युवा एवं छात्र-छात्राएँ भाग ले सकेंगे। संगत कलाकारों के लिए आयु वर्ग 18 से 40 वर्ष निर्धारित है। प्रतिभागियों को विहित प्रपत्र में आवेदन करना होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आवेदन प्राप्त करने की अवधि 15 अक्टूबर से 27 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रतिभागी इस अवधि में पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय, खेल भवन, द्वितीय तल, शिवहर में विहित प्रपत्र में भरा हुआ आवेदन जमा कर सकते हैं।आवेदन ई-मेल पर भी भेजा जा सकता है। आवेदन प्रक्रिया एवं आयोजन से संबंधित जानकारी के लिए जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

यमन में हिरासत में लिए गए सीतामढ़ी के राकेश कुमार की रिहाई के लिए सांसद ने विदेशमंत्री को लिखा पत्र

राकेश की सुरक्षित भारत वापसी और कानूनी सहायता उपलब्ध कराने का किया आग्रह

सीतामढ़ी। सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने यमन में हिरासत में लिए गए राकेश कुमार की शीघ्र रिहाई और सुरक्षित भारत वापसी सुनिश्चित कराने के लिए विदेश मंत्री एस. जयशंकर को पत्र लिखा है। सांसद ने विदेश मंत्री से मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है।



सांसद ने विदेश मंत्री को भेजे पत्र में बताया है कि सीतामढ़ी के डुमरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुम्हरा विशनपुर, वार्ड संख्या-14 निवासी रामविनोद सिंह के पुत्र राकेश के पास वैध यात्रा दस्तावेज होने के बावजूद यमन के अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया है। राकेश ने 13 अक्टूबर को एमिरेट्स एयरलाइंस से दिल्ली से ओमान की यात्रा की थी। उनके पास पासपोर्ट सहित यात्रा से संबंधित सभी दस्तावेज उपलब्ध हैं। उन्होंने वैध पर्यटक वीजा के आधार पर कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए ओमान में प्रवेश किया था। पत्र के अनुसार एक नियोक्ता अथवा भर्ती एजेंट ने राकेश कुमार को यमन के एक हॉस्पिटल में नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया था। ओमान पहुंचने के बाद संबंधित नियोक्ता ने हवाई मार्ग के बजाय सड़क मार्ग से उन्हें यमन भेजने की व्यवस्था की। सांसद ने आशंका जताई है कि राकेश की मौजूदा परेशानी नियोक्ता या भर्ती एजेंट द्वारा की गई भ्रामक यात्रा व्यवस्था का परिणाम हो सकती है। वह रोजगार पाने की उम्मीद में संबंधित व्यक्ति के निर्देशों का पालन कर रहे थे। सांसद ने कहा है कि राकेश कुमार को लगातार हिरासत में रखे जाने से उनके परिजन चिंतित हैं। ऐसे में मानवीय आधार पर मामले में शीघ्र हस्तक्षेप किए जाने की आवश्यकता है। सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने विदेश मंत्री से राकेश कुमार की वर्तमान स्थिति का पता लगाने तथा संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें आवश्यक कानूनी सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। साथ ही, उनकी जल्द से जल्द सुरक्षित भारत वापसी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया है। सांसद की इस पहल से राकेश कुमार के परिजनों को उनकी सुरक्षित वापसी की उम्मीद जगी है।

बिहार के नवनिर्माण में श्रीकृष्ण बाबू की भूमिका अग्रणी : पूर्व विधायक

सीतामढ़ी। बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री बिहार केशरी श्रीकृष्ण सिंह की 139 वीं जयंती के अवसर पर ललित आश्रम गांधी मैदान में जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा सह विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में श्रीबाबू के तैलचित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना ने कहा कि बिहार के नवनिर्माण में श्रीकृष्ण बाबू की अग्रणी भूमिका रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से प्रभावित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में श्री कृष्ण बाबू कूदे थे। स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में श्रीकृष्ण बाबू 8 साल से ज्यादा जेल में रहें। उन्होंने जमींदारी प्रथा खत्म करवाई, बरौनी रिफाइनरी, बरौनी खाद कारखाना, सिंदरी खाद, और बोकारो स्टील, कई कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज, कोसी प्रोजेक्ट जैसे बड़े काम उनके समय में शुरू हुए। उनके समय में बिहार को देश का सबसे बेहतर शासित राज्य माना जाता था। आज उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

प्रदेश प्रतिनिधि मो. अफाक खान, रकटू प्रसाद, सीताराम झा, प्रमोद कुमार नील, डॉ. राजीव कुमार काजू, रितेश रमण सिंह, मो. शम्स शाहनवाज, मनोज कुमार सिंह, आफताब अंजुम बिहारी, संपूर्णानंद झा, राम बाबू सिंह, ताराकांत झा, रामू मिश्रा, प्रो. राम प्रवेश कुशवाहा, डॉ. धीरज मिश्रा, ऋतु ठाकुर, धीरज सिंह, हरिदास, जैनेन्द्र कुमार राम, सोहन प्रसाद, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. रोहन कुमार, सोहन प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह राठौर, चुन्नू सिंह, चन्द्र भूषण सिंह, राम प्रवेश राय, सुशील कुमार, एनएसयूआई नेता सक्षम कुमार, अख्तर रजा खान, वीरेंद्र कुशवाहा, सुप्रिया कुमारी, श्याम दास, देवेंद्र साह, उमेश प्रसाद सिंह, वेदांशु सिंह आदि ने श्रीकृष्ण बाबू को याद करते हुए कहा कि श्रीबाबू किसी खास समाज के नहीं बल्कि पूरे बिहार के नेता थे। ललित आश्रम में जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से तिरहुत स्नातक क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी डॉ. रश्मि विनायक गौतम को विजयी बनाने का संकल्प लिया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि एक-एक स्नातक मतदाता से महागठबंधन उम्मीदवार को वोट दिलाना अब उनकी जिम्मेदारी है। इस दौरान महागठबंधन प्रत्याशी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्नातक मतदाताओं को आश्वस्त किया कि यदि वो चुनाव जीती हैं तो स्नातक मतदाताओं की समस्याओं एवं मांगों को ईमानदारी से पूरा करके दिखाएंगी।

तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए शिवहर में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित

शिवहर। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन2026 के अंतर्गत मतदान के सफल संचालन एवं सतत अनुश्रवण के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, शिवहर द्वारा जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। आपदा कार्यालय, शिवहर में स्थापित यह नियंत्रण कक्ष 22 अक्टूबर से 23 अक्टूबर, 2026 तक पालीवार चौबीस घंटे कार्यरत रहेगा। जिले में 23 अक्टूबर, 2026 (शुक्रवार) को पूर्वाह्न 8:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक मतदान निर्धारित है। तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 06 तथा तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 06, अर्थात कुल 12 मतदान केंद्रों पर मतदान कराया जाएगा। सूचना एवं शिकायत के लिए संपर्क करें,निर्वाचन संबंधी सूचना अथवा शिकायत निम्नलिखित दूरभाष नंबरों पर दी जा सकती है 06222-257047-06222-2570481950। नियंत्रण कक्ष में प्राप्त प्रत्येक सूचना एवं शिकायत को पंजी में दर्ज किया जाएगा। संबंधित मतदान केंद्र, शिकायत का विवरण, शिकायतकर्ता का नाम एवं संपर्क नंबर सहित आवश्यक जानकारी संधारित करते हुए संबंधित पदाधिकारी को तत्काल अवगत कराया जाएगा।

जयंती पर याद किये गये श्रीबाबू, बिहार के विकास में श्रीबाबू का अमूल्य योगदान

सीतामढ़ी/ रुन्नीसैदपुर। स्वामी सहजानंद सरस्वती निर्माण समिति के तत्वाधान में बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी डॉ श्रीकृष्ण सिंह की 139 वीं जयंती के अवसर पर श्रीबाबू चौक कटरा मोड़, रुन्नीसैदपुर स्थित श्रीबाबू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया गया।श्रीकृष्ण वाटिका के नाम से प्रसिद्ध यह कटरा मोड ऐतिहासिक स्थल के रूप में सुसज्जित हो रहा है। पूर्व विधायक गुड्डी चौधरी एवं इनके पति राजेश चौधरी भाजपा नेता समेत स्थानीय लोगों का भी अमुल्य सहयोग चर्चा में बना हुआ है। जयंती समारोह की अध्यक्षता पूर्व मुखिया रामसखा चौधरी एवं संचालन शिक्षक नेता



ज्ञान प्रकाश ज्ञानू ने किया तथा अतिथियों का स्वागत समिति के सचिव मदन मोहन ठाकुर ने किया। माल्यार्पण के बाद भारत माता की जय एवं श्रीबाबू अमर रहे नारों से श्रीकृष्ण वाटिका गुंजायमान रहा। इस अवसर पर श्रीबाबू के रिश्तेदार अमिताभ नंदन सिंह ,ज्ञान प्रकाश ज्ञानू, पूर्व मुखिया राम स्नेही पांडेय,कुमार युगल किशोर, केशव कुमार सिंह,बबलू कुमार, संजय चौधरी, आर, एस, पांडे, मो. सद्दाम , मिथिलेन्द्र कुमार राय, मणिभूषण सिंह, शशिरंजन, एवं हरिशंकर प्रसाद सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे। मौके पर अपने संबोधन में समिति के अध्यक्ष राम सखा चौधरी ने कहा कि श्रीबाबू ने देश की आजादी दिलाने में महात्मा गांधी के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में कंधे से कंधा मिलाकर अंग्रेजों का मुकाबला किया। सचिव मदन मोहन ठाकुर ने कहा कि श्रीबाबू के कार्यकाल में विकास की लंबी लकीर खींची गई। अमिताभ सिंह नंदन में कहा कि श्रीबाबू सभी वर्गों के लिए समानता के पक्षधर थे। राष्ट्र गान के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।

फार्मेट सी-1

(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टीवी में प्रकाशन हेतु)

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता- **विद्या सागर विद्यार्थी**

राजनैतिक दल का नाम- **निर्दलीय**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां निर्दलीय लिखें)

निर्वाचन का नाम- **बिहार विधान परिषद शिक्षक निर्वाचन**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम- **03-सारण शिक्षक**

मैं विद्या सागर विद्यार्थी (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं।

(क) लंबित आपराधिक मामले

क्र. सं.	न्यायालय का नाम	मामले की सं. एवं तारीख	मामले (मामलों) की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण
1.	मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सारण, छपरा	661 सन् 26	लंबित	126(1), 119(2), 109 303, 208

(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण

क्र. सं.	न्यायालय का नाम एवं आदेश(शों) की तारीख(खें)	अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण	अधिकतम अधिरोपित दंड

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

हथसार पोखर में मिले युवती के शव का खुलासा भाई गिरफ्तार, प्रथम दृष्टया ऑनर किलिंग का मामला

शिवहर। सोमवार को पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि शिवहर जिले के पुरनहिया थाना क्षेत्र के हथसार गांव स्थित पोखर से बरामद युवती के शव की पहचान कर ली गई है। पुलिस ने मामले का



खुलासा करते हुए मृतका के भाई मनोज कुमार को हत्या में संलिप्तता सामने आने के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला ऑनर किलिंग का प्रतीत हो रहा है। सोमवार को एसपी कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी शैलेंद्र सिंह ने पूरे मामले की जानकारी दी।

एसपी ने बताया कि रविवार को हथसार निवासी झमन साह की पत्नी फेकनी देवी ने पुरनहिया थाना में आवेदन देकर अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण का आरोप लगाया था। आवेदन में रंजन कुमार, गोविंद कुमार महतो, सिकंदर महतो, मीना देवी और चंदेश्वर महतो को नामजद किया गया था। इसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। एसपी के अनुसार, रविवार की रात अप्राथमिकी अभियुक्त रिपु साह को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस ने चंदेश्वर साह के घर की घेराबंदी कर एक आरोपित को हिरासत में लिया। इस दौरान आरोपित को हिरासत में लेते देख उसके परिजन और करीब 40-50 ग्रामीण उग्र हो गए। आरोप है कि लोगों ने ईंट पत्थर और लाठी से पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस दौरान स्थानीय चौकीदार की बाइक क्षतिग्रस्त कर दी गई तथा हिरासत में लिए गए आरोपित को पुलिस अभिरक्षा से छुड़ा लिया गया। साथ ही शिवहर के अंचल पुलिस निरीक्षक और स्थानीय चौकीदार को बंधक बना लिया गया। वरीय अधिकारियों ने पहुंचकर कराया मुक्त घटना की सूचना मिलते ही वरीय पुलिस पदाधिकारी क्यूआरटी के साथ मौके पर पहुंचे और बंधक बनाए गए पुलिस पदाधिकारी व चौकीदार को मुक्त कराया।

पुलिस के अनुसार, चौकीदार द्वारा पहचान किए जाने के बाद पुलिस पर हमला करने के मामले में 13 लोगों को चिह्नित किया गया। इनमें सात लोगों को विधिवत गिरफ्तार किया गया, जबकि छह अन्य फरार हो गए। इस मामले में पुरनहिया थानाध्यक्ष के स्वलिखित आवेदन के आधार पर 13 नामजद और 20-25 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस संस्मरण दिवस पर वीर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

शिवहर। पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर बुधवार को शिवहर जिले में पुलिस लाइन में शहीद दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह द्वारा कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति



देने वाले वीर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को संबोधित करते हुए शहीद पुलिसकर्मियों के अदम्य साहस, वीरता, त्याग एवं सर्वोच्च बलिदान को स्मरण किया। साथ ही, एसपी श्री सिंह द्वारा वीर शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को सम्मानित कर उनके त्याग, धैर्य एवं योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि शहीदों के परिजनों का सम्मान करना संपूर्ण पुलिस परिवार के लिए गौरव एवं गर्व का विषय है। पुलिस परिवार सदैव उनके साथ खड़ा है। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को शहीदों के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी, अनुशासन एवं समर्पण भाव से जनसेवा तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दायित्वों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। शिवहर पुलिस वीर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करती है तथा उनके परिजनों के प्रति सम्मान एवं संवेदना व्यक्त करती है। मौके पर एसडीपीओ अनुशील कुमार, पुलिस उपाधीक्षक सहित सभी थानाध्यक्ष व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

फार्मेट सी-1

(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टीवी में प्रकाशन हेतु)

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता- **विवेक शर्मा**

राजनैतिक दल का नाम- **निर्दलीय**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां निर्दलीय लिखें)

निर्वाचन का नाम- **पटना शिक्षक**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम- **001 पटना शिक्षक**

मैं **विवेक शर्मा** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं।

क्र. सं.	लंबित आपराधिक मामले			आपराधिक मामलों के लिए दोष सिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण	
	न्यायालय का नाम	मामले की सं. एवं मामले की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की धारा(एं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण	न्यायालय का नाम एवं आदेश(शों) की तारीख	अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण
1.	मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पटना	जी.आर. नं. 8656 सन् 2019 कोतवाली थाना कांड सं. 931 सन् 2019	147, 148, 149, 341 342, 323, 353, 504 506, 188 भा.दि. विधान एवं धारा 9 लाउडस्पीकर एक्ट	शून्य	शून्य
	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

राजद नेता के निधन से सीतामढ़ी की राजनीति को अपूरणीय क्षति

सीतामढ़ी। राजद के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष शफीक खान के निधन पर सीतामढ़ी के सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। सांसद शोक संतप्त परिजनों से मिलने उनके आवास पर पहुंचे । इस दौरान सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर ने कहा कि शफीक खान बेहद मिलनसार और आत्मीय व्यक्ति के धनी थे ?। उनसे मेरा व्यक्तिगत संबंध था। उनके निधन से राजनीतिक जगत में जो शून्यता आई है, उसकी भरपाई करना मुश्किल है। यह राजनीतिक क्षति के साथ-साथ मेरा व्यक्तिगत नुकसान भी है। सांसद ने दिवंगत शफीक खान के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस दु:ख की घड़ी में वे शोकाकुल परिवार के साथ हैं। उन्होंने ईश्वर से परिजनों को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस मौके पर सांसद के साथ जदयू जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह कुशवाहा, रामजी मंडल, आशुतोष कुशवाहा, सुजीत झा आदि मौजूद थे।

दुकान लगाने के लिए मांगी 50 हजार की रंगदारी, चुन्नू उर्फ टकला गिरफ्तार

सीतामढ़ी। जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने महिन्दवारा थाना क्षेत्र से चुन्नू उर्फ टकला को गिरफ्तार किया है।आरोपित पर दुकान लगाने के एवज में एक व्यक्ति से 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित का संबंध जिले के कुख्यात अपराधी चिरंजीवी सागर से बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, महिन्दवारा थाना क्षेत्र में दुकान लगाने को लेकर एक व्यक्ति से 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आरोपित की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की। इसी क्रम में चुन्नू उर्फ टकला को गिरफ्तार कर लिया गया। सदर एसडीपीओ राजीव कुमार सिंह ने डुमरा थाने में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ संबंधित थाने में आर्म्स एक्ट और रंगदारी समेत कई मामले पहले से दर्ज हैं। हाल में भी उसके विरुद्ध 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगने की शिकायत मिली थी। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।डीएसपी ने बताया कि आरोपित का संबंध जिले के कुख्यात अपराधी चिरंजीवी सागर से होने की जानकारी मिली है। पुलिस उसके आपराधिक इतिहास और संभावित गिरोह से जुड़ाव की जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि रंगदारी मांगने की घटना में अन्य लोगों की संलिप्तता तो नहीं है।पुलिस का कहना है कि जिले में रंगदारी समेत अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।